
रंगारंग प्रस्तुति देते दिव्यांग छात्र।

## एनआईवीएच में दिव्यांग छात्रों ने क्रिसंमस पर दी रंगारंग प्रस्तुति

**संवाददाता**

देहरादून। राजपुर रोड स्थित एनआईवीएच संस्थान में दिव्यांग छात्र–छात्राओं ने क्रिसमस के उपलक्ष पर धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर नचिकेता राउत ने कहा कि दिल साफ हो तो हर सीख कामयाब होती है। फिर बच्चों से साफ हृदय भला किसी और का क्या हो सकता है। लिहाजा सभी बच्चे प्रभु यीशु के आदर्शों को अपने जीवन में ढालें। इससे पहले एनआईवीएच के आदर्श विद्यालय को क्रिसमस के उपलक्ष के लिए सोमवार रात को ही रंग बिरंगी रोशनी से जगमग कर दिया गया था। दिव्यांग छात्रों ने क्रिसमस का त्यौहार धूमधाम से मनाया। आदर्श विद्यालय के कनिष्ठ छात्रों की ओर से क्रिसमस के उपलक्ष पर की गई सजावट सभी को भाई। बाद में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में ईसा मसीह के जीवन के बारे में बताया गया।



Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# शिक्षा के साथ ही बच्चों का हो सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास

**शुभारम्भ**

## सीएम ने राजकीय इण्टर कॉलेज दूधली के वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को राजकीय इण्टर कॉलेज दूधली, देहरादून के वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय इण्टर कॉलेज दूधली में एक बहुउद्देशीय हॉल बनाया जायेगा। नागल ज्वालापुर से डोईवाला तक सडक का चौड़ीकरण किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने गत वर्ष हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहने पर विद्यालय प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ ही बच्चों को सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास से सबंधित गतिविधियों में शामिल करना जरूरी है। बोर्ड की परीक्षा में टॉप 25 स्थानों पर आने वाले बच्चों को राज्य सरकार द्वारा 'देश को जानो योजना' के तहत इस वर्ष से एक सप्ताह का देशाटन कराया जायेगा। इस भ्रमण में एक हवाई एवं एक रेल यात्रा भी कराई जायेगी।


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मुख्यमंत्री।

राज्य के अति कुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं अधिकारियों ने इन बच्चों को गोद लिया है। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हो इसके लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश के सभी 23 लाख परिवारों को अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना से जोड़ा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए सबको सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना होगा। पिछले वर्ष इन्वेस्टर समिट के दौरान 1लाख 24 हजार करोड़ रूपये के एमओयू हुए थे। जिसमें से 18 हजार करोड़ रूपये से अधिक के कार्यों की ग्राउडिंग हो चुकी है। सूर्यधार, सौंग एवं जमरानी बांध परियोजनाओं के पूर्ण होने पर देहरादून एवं हल्द्वानी को गैविटी वाटर उपलबध होगा एवं इससे करोड़ो रूपये की बिजली की बचत भी होगी।



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करते सीएम।

इस अवसर पर युवा कल्याण के उपाध्यक्ष जितेन्द्र रावत 'मोनी', अनुकृति गुंसाई, राज प्रधान, करन बोहरा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी धीरेन्द्र पंवार, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधांशु एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## शीशमबाड़ा कूड़ा निस्तारण केंद्र को लेकर मुख्यमंत्री, मेयर आदि के खिलाफ दी शिकायत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सेलाकुई। शीशमबाड़ा कूड़ा निस्तारण केंद्र से त्रस्त जनता ने मंगलवार को सहसपुर थाने में पहुंचकर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिँह रावत, टिहरी सांसद रानी राज्य लक्ष्मी शाह, सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर, देहरादून मेयर सुनील उनियाल गामा, नगर आयुक्त विनय शंकर पांडे सहित कई सरकारी विभागों और रैमकी कंपनी के खिलाफ चार लाख लोगों की हत्या की साजिश के आरोप में संलिप्त होने की तहरीर दी है।

शीशमबाड़ा कूड़ा निस्तारण केंद्र हटाने की मांग क़ो लेकर लंबे समय से आन्दोलन कर रहे लोगों ने उत्तराखण्ड सरकार से आरपार की लड़ाई का ऐलान कर दिया।


पुलिस को शिकायत देती महिलाएं।

निस्तारण केंद्र से त्रास्त लोगों ने आज मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, मेयर, नगर आयुक्त सहित कई सरकारी विभागों के खिलाफ सहसपुर थाने में चार लाख लोगों की हत्या करने की साजिश का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

प्रभावित लोगों का आरोप है कि अपने निजी स्वार्थों और पैसा कमाने के उद्देश्य से सरकार क्षेत्र का पानी हवा और पर्यावरण प्रदूषित कर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रही है। कहा हजारों लोग अन्य गंभीर बीमारियों की चपेट में आ गए है जिसकी जिम्मेदार राज्य सरकार है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होता और निस्तारण केंद्र बंद नहीं किया जाता है तो स्थानीय जनता खुद प्लांट क़ो बंद करेगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी साथ ही महिलाओं ने निस्तारण केंद्र के बाहर तीन दिन के बाद सामूहिक भूख हड़ताल की चेतावनी भी दी है।

## कोर्ट में पिस्टल लेकर घूमने की अफवाह से हड़कंप, दो संदिग्ध धरे

**संवाददाता** रुड़की। रामनगर कोर्ट में मंगलवार को रुड़की जेल में बंद बदमाश चीनू पंडित के बड़े भाई मोनू और हरिद्वार जेल में बंद बदमाश सुनील राठी के गुर्गे सुशील गुर्जर की पेशी थी। इसी दौरान दो लोगों के कोर्ट में पिस्टल लेकर घूमने की अफवाह से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। इस मामले में पुलिस गहनता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार अफवाह फैलते ही पुलिस मौके पर मुस्तैद हो गयी। सूचना पर आनन फानन में कोर्ट पहुंचे पुलिस बल ने तलाशी ली। दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया गया। तलाशी में उनके पास से कुछ नहीं मिला, अलबत्ता दोनों से पूछताछ जारी है। बदमाशों की पेशी के मद्देनजर कोर्ट परिसर में पुलिस सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस बीच पुलिस को किसी ने सूचना दी कि कोर्ट परिसर में ही दो लोग पिस्टल लगाकर घूम रहे हैं। आनन फानन में पुलिस ने कोर्ट में चेकिंग अभियान चलाया। दो संदिग्धों को पकड़ा गया।

## न्यूज डायरी

### किसानों को बिना ब्याज के एक लाख रूपये तक का ऋण

**संवाददाता** चमोली। मुख्यमंत्री ने छोटे काश्तकारों को परम्परागत खेती के साथ–साथ अच्छी आजीविका अर्जित करने हेतु एरोमैटिक खेती के लिए भी प्रोत्साहित किया। राज्य सरकार द्वारा किसानों को बिना ब्याज के एक लाख रूपये तक का ऋण तथा स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक की ऋण सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देश का एक मात्र राज्य है जहॉ खेती को बढावा देने के लिए इस तरह की व्यवस्थाएं की गई है। उन्होंने कहा कि अगले साल से राज्य में मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास योजना तथा किसानों के लिए मुख्यमंत्री कृषि विकास योजना शुरू की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जल्द ही भूमि बंदोबस्ती की व्यवस्था की शुरूआत की जा रही है, ताकि सैकडों साल से गांव में रह रहे लोगों को उनके अधिकार मिल सके। बताया कि पहले चरण में दो जिलों से इसकी शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण की पेंशन योजनाओं की धनराशि को भी 1 हजार से बढाकर 12 सौ रुपये किया गया है ताकि पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को अच्छा लाभ मिल सके।

### लोक संस्कृति दिवस के रूप में मनाया पर्वतीय गांधी का जन्मोत्सव

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय गांधी स्व. इंद्रमणि बडोनी के जन्मोत्सव को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजपुर रोड ने लोकसंस्कृति दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर स्कूल की ओर से लोकगीत व लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य विजय लक्ष्मी यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने लोकगीत व लोकनृत्य प्रतियोगिताओं में मनभावक प्रस्तुति से खुब तालियां बटोरी।

### छात्रवृत्ति घोटाले की जांच सीबीआई से कराए सरकार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच ने छात्रवृत्ति घोटाले की जांच सीबीआई से किए जाने की मांग की है। मंगलवार को परेड ग्राउंड स्थित धरना स्थल पर इसे लेकर मंच के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंच के प्रदेश संयोजक दौलत कुंवर ने कहा कि छात्रवृत्ति घोटाले ने प्रदेश के दामन पर दाग लगाया है। प्रदेश सरकार इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराए।